# वार्षिक पाठ्यक्रम
## कक्षा - छठी (2023 –2024)
## विषय: गणित

| अध्याय का नाम | विषयवस्तु | अधिगम प्रतिफल | प्रस्तावित गतिविधियाँ |
|---|---|---|---|
| **अध्याय – 1**<br>**अपनी संख्याओं की जानकारी** | **कक्षा IV**– भूमिका, संख्याओं की तुलना , संख्याओं का चलन (लाख तक) ।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 9, 11, 37, 61 का प्रयोग कीजिए )**<br>**कक्षा V** – भूमिका, संख्याओं की तुलना, संख्याओं का चलन (करोड़ तक) ।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 4, 7, 9, 40, 92 का प्रयोग कीजिए )**<br>**कक्षा VI** – भूमिका, संख्याओं की तुलना, व्यावहारिक प्रयोग में बड़ी संख्याएँ ।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 1, 3, 4, 5, 9, 10 का प्रयोग कीजिए )** | विद्यार्थी:<br>● विभिन्न अंकों का प्रयोग कर संख्याएँ बना सकेंगे और उनकी तुलना कर सकेंगे ।<br>● भारतीय संख्या पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय संख्या पद्धति के बीच अंतर कर सकेंगे ।<br>● जमा, घटा, गुणा, भाग , से संबंधित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर सकेंगे । | ● कक्षा के सभी वर्गों में छात्रों की संख्या ज्ञात कीजिए ।<br>● समूह में गिनते हुए गुणा सीखना । समूह में वस्तु वितरण द्वारा भाग सीखना ।<br>● अपने शहर /गाँव के पिन कोड को भारतीय संख्या पद्धति और अंतर्राष्ट्रीय संख्या पद्धति में लिखिए ।<br>● शब्दों में लिखिए:<br>❖ अपना जन्म वर्ष<br>❖ अपने मकान की संख्या<br>❖ कोई भी वाहन संख्या |
| **अध्याय – 3**<br>**संख्याओं के साथ खेलना** | **कक्षा IV** – पहाड़े और बँटवारे ।<br>**कक्षा V** – गुणज और गुणनखण्ड ।<br>**कक्षा VI** – भूमिका, गुणनखण्ड और गुणज , अभाज्य और भाज्य संख्याएँ, संख्याओं की विभाज्यता की जाँच, सार्व गुणनखण्ड और सार्व गुणज ।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 4 का प्रयोग कीजिए )** | विद्यार्थी:<br>● संख्याओं को अभाज्य, भाज्य, सम और विषम में वर्गीकृत कर सकेंगे ।<br>● गुणनखण्ड और गुणज में अंतर कर सकेंगे ।<br>● दी गई संख्या की विभाज्यता की जाँच कर सकेंगे ।<br>● दी गई संख्याओं के सार्व गुणनखण्ड और सार्व गुणज की पहचान कर पाएँगे । | ● इराटोसथीन्स की छलनी बनाना ।<br>● निम्न पर आधारित पहेलियाँ ।<br>❖ सार्व गुणनखण्ड और सार्व गुणज ।<br>❖ सम एवं विषम संख्याएँ<br>❖ अभाज्य एवं भाज्य संख्याएँ<br>● कैलेंडर गतिविधि आदि । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्याय – 4**<br>**आधारभूत ज्यामितीय अवधारणाएँ** | **कक्षा V**– कोण, रेखा।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 97, 100, 106, 110, 111 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका, बिन्दु, रेखाखण्ड, रेखा, प्रतिच्छेदी रेखाएँ, समानांतर रेखाएँ, किरण, वक्र, बहुभुज, कोण।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 34 का प्रयोग कीजिए )** | विद्यार्थी:<br>● अपने परिवेश में दैनिक उदाहरणों की मदद से ज्यामितीय आकृतियों जैसे बिंदु, किरण, रेखा, रेखाखण्ड, समानांतर रेखाओं, प्रतिच्छेदी रेखाओं, की पहचान कर सकेंगे।<br>● अपने आसपास के परिवेश में विभिन्न बहुभुजों के भागों की पहचान कर सकेंगे। | ● दैनिक जीवन से रेखा और रेखाखण्ड का उदाहरण।<br>● आसपास के परिवेश में तीन और चार भुजाओं वाले बहुभुजों की पहचान करना<br>● सूर्य और मोमबत्ती की रोशनी के विषय पर चर्चा। |
| ➢ **मध्यावधि परीक्षा के लिए उपरोक्त विषयवस्तु को 15 सितंबर, 2023 तक पूरा कीजिए।**<br>➢ **मेन्टल मैथ्स और गणित प्रयोगशाला से संबंधित गतिविधियाँ।**<br>➢ **मध्यावधि परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम दोहराना।** | | | |
| **मध्यावधि परीक्षा** | | | |
| **अध्याय – 5**<br>**प्रारंभिक आकारों को समझना** | **कक्षा V** – रेखाखण्डों को मापना, कोण – सम, ऋजुकोण, 90° से ज्यादा, 90° से कम , 3D आकृतियाँ।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 97, 100, 103, 106, 109, 110, 111 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका, रेखाखण्डों का मापना , कोण-‘समकोण’ और ‘ऋजुकोण’ , कोण-‘न्यून’, ‘अधिक’ और ‘प्रतिवर्ती’, कोणों का मापन , लंब रेखाएँ, त्रिभुजों का वर्गीकरण, चतुर्भुज, बहुभुज।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 29, 31, 32, 33 का प्रयोग कीजिए )** | विद्यार्थी :<br>● कोणों को न्यून, अधिक, प्रतिवर्ती, ऋजुकोण और सम्पूर्ण कोण के रूप में वर्गीकृत कर सकेंगे और उन्हें माप कर बना सकेंगे।<br>● भुजाओं और कोणों के आधार पर त्रिभुजों की पहचान कर सकेंगे।<br>● विभिन्न चतुर्भुजों को वर्ग, आयत, समांतर चतुर्भुज, समचतुर्भुज और समलंब के रूप में पहचान कर सकेंगे। | ● परिवेश से आकृतियों के उदाहरण जैसे<br>❖ मधुमक्खी के छत्ते का आकार<br>❖ सड़क पर बिजली का खंभा<br>❖ ट्रैफिक साइन बोर्ड<br>❖ 3D आकृतियाँ आदि |
| **अध्याय – 6**<br>**पूर्णांक** | * **कक्षा IV** – जैसा अध्याय 1 में उल्लेखित है।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 9, 11, 37, 61 का प्रयोग कीजिए )** | विद्यार्थी:<br>● पूर्णांकों की पहचान कर संख्या रेखा पर निरूपित कर सकेंगे। | ● सीढ़ियों की सहायता से पूर्णांकों को समझाना<br>● गर्मी और सर्दी में कश्मीर और दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | * **कक्षा** V – जैसा अध्याय 1 में उल्लेखित है।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 4, 7, 9 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>**कक्षा** VI – भूमिका, पूर्णांक – संख्या रेखा पर निरूपण , पूर्णांकों में क्रमबद्धता, संख्या रेखा की सहायता से पूर्णांकों का जोड़ और घटा।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 14, 15, 16, 17 का प्रयोग कीजिए )** | • विभिन्न पूर्णांकों की तुलना कर सकेंगे और पूर्णांकों को क्रम में लिख सकेंगे। | का तापमान ज्ञात कर इनकी तुलना करना। |
| **अध्याय -7**<br>**भिन्न** | **कक्षा IV** – आधा और चौथाई।<br><br>**कक्षा V** – हिस्से और पूरे।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 130, 135, 141, 143 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>**कक्षा VI**–भूमिका, एक भिन्न , संख्या रेखा पर भिन्न , उचित भिन्न, विषम भिन्न और मिश्रित भिन्न , तुल्य भिन्न, भिन्न का सरलतम रूप , समान भिन्न , भिन्नों की तुलना , भिन्नों का योग और व्यवकलन (घटाना)।<br>**(कार्यपत्रक संख्या 18, 19, 20, 21, 22, 23 का प्रयोग कीजिए )** | विद्यार्थी:<br>• भिन्न को संख्या रेखा पर निरूपित कर सकेंगे और दिए गए भाग को भिन्न के रूप में छायांकित कर सकेंगे।<br>• भिन्नों को उचित, विषम, मिश्रित और तुल्य और समान भिन्नों के रूप में पहचान सकेंगे।<br>• भिन्नों की तुलना कर, जोड़ और घटा और भिन्नों से संबंधित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर सकेंगे। | • कक्षा को भागों में विभाजित करना और भिन्न लिखना।<br>• कागज मोड़ने संबंधित गतिविधियाँ।<br>• रोल प्ले। |
| **अध्याय – 8**<br>**दशमलव** | **कक्षा V** – दशमलवों का जोड़ तथा घटा।<br>**कक्षा VI** – भूमिका, दशमलवों की तुलना , दशमलवों का प्रयोग , दशमलव संख्याओं का जोड़ , दशमलव संख्याओं की घटाना। | विद्यार्थी:<br>• दशमलव की पहचान कर उनकी तुलना कर सकेंगे ।<br>• दशमलव से संबंधित दैनिक जीवन की समस्याओं को हल कर सकेंगे। | • दशमलव को समझाने के लिए ग्राफ पेपर का उपयोग।<br>• दैनिक जीवन के उदाहरण जैसे रुपये को पैसे में बदलना, सेमी को मीटर में बदलना आदि। |
| **अध्याय – 9**<br>**आँकड़ों का प्रबंधन** | **कक्षा IV** – स्मार्ट चार्ट।<br><br>**कक्षा V** – स्मार्ट चार्ट। | विद्यार्थी:<br>• प्राप्त सूचना को आँकड़ों में प्रस्तुत कर सकेंगे।<br>• मिलान चिह्न के बारे में जान सकेंगे। | • अपने सहपाठियों के पसंदीदा रंग/फल/मिठाई/खेल आदि के बारे में जानकारी एकत्र कीजिए। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **(कार्यपत्रक संख्या 14, 16, 99, 102, 105 का प्रयोग कीजिए )**<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका, आँकड़ों का अभिलेखन, आँकड़ों का संगठन, चित्रालेख, एक चित्रालेख की व्याख्या। | ● चित्रालेख को निरूपित कर उस की व्याख्या कर सकेंगे। | ● कॉमन वेल्थ गेम्स , ओलम्पिक आदि जैसे विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भारत द्वारा जीते गए पदकों की तालिका तैयार कीजिए।<br>● विभिन्न मौसमों में भारत का तापमान रिकॉर्ड कीजिए। |
| **अध्याय –12 अनुपात और समानुपात** | **कक्षा IV** – जग मग, जग मग, आधा और चौथाई।<br><br>**कक्षा VI** – भूमिका, अनुपात, समानुपात, ऐकिक विधि। | विद्यार्थी:<br>● अनुपात के प्रयोग से राशियों की तुलना कर सकेंगे तथा इसकी आनुपातिकता की जाँच कर सकेंगे।<br>● ऐकिक विधि द्वारा दैनिक जीवन की समस्याओं का हल कर सकेंगे। | ● किसी एक दिन अपनी कक्षा के उपस्थित छात्रों का अनुपस्थित छात्रों के साथ अनुपात ज्ञात कीजिए ।<br>● भारतीय झंडे की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात ज्ञात कीजिए।<br>● वृत्त की परिधि का व्यास के साथ अनुपात |

- ➢ **वार्षिक परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम 31 जनवरी, 2024 तक पूरा कीजिए।**
- ➢ **मेन्टल मैथ्स और गणित प्रयोगशाला से संबंधित गतिविधियाँ।**
- ➢ **वार्षिक परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम को दोहराना।**

## वार्षिक परीक्षा

**उपरोक्त पाठ्यक्रम केवल मूल्यांकन के उद्देश्य से है और शेष विषयों/अध्यायों को विषय शिक्षण संवर्धन (Subject Learning Enrichment) के रूप में पढ़ाया जा सकता है।**